अमर उजाला
बरेली
शनिवार, 20 जून 2020

Page No-9, Left Middle

एकेटीयू : शोध पूरा करने का छह महीने और मिला समय

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) के शोधार्थियों के लिए राहत भरी खबर है। जिन विद्यार्थियों के पीएचडी करने का समय (अधिकतम समय सीमा) मार्च-अप्रैल में समाप्त हो रही थी उनको छह महीने का और अवसर दिया गया है।

चैलेंज पुनर्मूल्यांकन के आवेदन 27 तकः एकेटीयू प्रशासन ने छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए विषम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए चैलेंज पुनर्मूल्यांकन के लिए विलंब शुल्क के साथ आवेदन की तिथि 22 से 27 जून तक बढ़ा दी है। ब्यूरो